तापमान

भोपाल	42.6°	30.0°
इंदौर	41.6°	27.0°
जबलपुर	40.6°	27.3°
ग्वालियर	44.2°	28.7°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 79
(सागर : वर्ष 12 अंक 82 ,पृष्ठ 12)
गुरुवार 12 जून 2025
सागर संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... सिकल सेल मिशन के कार्य मानवता की सेवा ...

खेल... इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में वेस्टइंडीज को 37 रन से हरा...

व्यापार... ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई...

देश-विदेश... पाकिस्तान रेल सेवाओं का विस्तार...

www.naiduniaonline.com

भारत के बुनियादी ढांचे का विकास जीवन को आसान बना रहा है: मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पिछले 11 वर्षों में किए गए बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए बुधवार को कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी सरकार के 10 जून को अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष, यानी कुल 11 वर्ष पूरे करने के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे में भारत की उत्कृष्ट प्रगति पर जोर दिया – रेलवे, राजमार्गों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक – जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक विस्तार और नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और समृद्धि में वृद्धि हुई है। बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। बेहतरीन अवसंरचना निर्माण के साथ भारत की विकास यात्रा आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि रेलवे, राजमार्गों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों से लेकर डिजिटल नेटवर्क तक, भारत का अवसंरचना नेटवर्क आज नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और उत्पादक बना रहा है।

माई गवर्नमेंट इंडिया पर साझा एक विस्तृत थ्रेड को भी टैग किया, जिसमें देश के बुनियादी ढांचे में पिछले एक दशक में हुए महत्वपूर्ण बदलावों को दर्शाया गया। स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन यह है नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। आज भारत केवल अवसंरचना नहीं बना रहा, बल्कि एक आत्मविश्वासी और कनेक्टेड भारत का निर्माण कर रहा है।

राजमार्ग जो दूरियाँ कम करते हैं, पुल जो समुदायों को जोड़ते हैं, और डिजिटल नेटवर्क जो नवाचार को बढ़ावा देते हैं ।भारत हर स्तर पर प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक अन्य पोस्ट में यह भी जोड़ा कि अगली पीढ़ी का अवसंरचना निर्माण सिर्फ आज की ज़रूरतों के लिए नहीं, बल्कि स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है।

भारत ने 11 साल में पार किए कई मील के पत्थर

सरकार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 11 वर्षों में हासिल किए गए विकासात्मक मील के पत्थरों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया। भाजपा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजग सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया के सामने एक घंटे तक प्रस्तुति दी। इस बात पर जोर देते हुए कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता संभालने से पहले ऐसी प्रगति कभी नहीं देखी गई थी। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख सहित विभिन्न प्रवक्ताओं ने भाग लिया।

सोनम, राज समेत सभी आरोपियों से होगी पूछताछ

कोर्ट ने 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

सोनम ने कराई थी पति की हत्या, कबूल किया अपना जुर्म

शिलांग (एजेंसी)।

शिलांग की एक अदालत ने मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी और उसके चार सहयोगियों को बुधवार को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोनम को मंगलवार की आधी रात को शिलांग लाया गया, जबकि अन्य आरोपी ट्रांजिट रिमांड पर बुधवार को पहुंचे। पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। अदालत ने 8 दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की। 24 साल की सोनम रघुवंशी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके सहयोगियों को राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रचने में कथित भूमिका के लिए मध्य प्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया गया। सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी की मौत में अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए अपना जुर्म कबूल कर लिया। मेघालय पुलिस ने जब उसके प्रेमी राज कुशवाहा से उसका आमना-सामना कराकर उससे पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने जब सोनम और राज कुशवाहा का आमना-सामना कराया, तो खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और अन्य सबूत सामने रखे गए थे। पुलिस ने इन सबूतों के बारे में जब सोनम से सवाल किया, तो वह मौन हो गई। लेकिन इसके बाद सोनम ने सभी सबूतों को देखते हुए अपना गुनाह कबूल कर लिया। सोनम ने कबूल कर लिया कि उसने तीन सुपारी किलर्स आकाश राजपूत, विशाल उर्फ विक्की ठाकुर और आनंद कुर्मी के साथ मिलकर अपने पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारा था। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि मेघालय से सोनम लगातार अपने प्रेमी राज को अपने लोकेशन के बारे में पूरी जानकारी देती रही। वह बताती रही कि अब ये लोग कहां पहुंचे हैं और आगे क्या करने जा रहे हैं।

कोडरमा-बरकाकाना, बल्लारी-चिकजाजुर रेलमार्गों के दोहरीकरण को केंद्र की मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने झारखंड में कोडरमा-बरकाकाना और कर्नाटक में बेल्लारी-चिकजाजुर की करीब 318 किलोमीटर की रेलवे लाइनों के दोहरीकरण को आज मंजूरी दे दी जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये आएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के निर्णय को मंजूरी दी गयी। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये रेल परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहली परियोजना 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण की है जो झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके अलावा, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक व्यावहारिक रेल संपर्क है। उन्होंने कहा कि दूसरी परियोजना 185 किलोमीटर बेल्लारी-चिकजाजुर रेल लाइन के दोहरीकरण की है और यह लाइन कर्नाटक के बल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है।

यूएई ने आतंकवाद पर भारत के रुख पर समर्थन दोहराया

नई दिल्ली,(एजेंसी) भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेतृत्व द्वारा दिए गए समर्थन और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करने की सराहना की है। यूएई ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के आबू धाबी की यात्रा के दौरान यह रुख दोहराया। यह यात्रा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान के बीच गत वर्ष 13 दिसंबर को नयी दिल्ली में आयोजित 15वीं संयुक्त आयोग बैठक के बाद हुई है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव श्री मिस्री ने भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझीदारी के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करने के लिए यूएई के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिम के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में चर्चा व्यापार, निवेश, ऊर्जा, संस्कृति, रक्षा, प्रौद्योगिकी, कांसुलर मामलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी द्विपक्षीय साझीदारी के दायरे को बढ़ाने पर केंद्रित थी।

कोर्ट ने खारिज की जमानत अर्जी, ज्योति को अभी जेल में ही रहना होगा

हिसार(एजेंसी)। हरियाणा की एक अदालत ने बुधवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ज्योति मल्होत्राको जमानत देने से इनकार कर दिया, जिन्हें पिछले महीने जासूसी के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। हिसार पुलिस ने 16 मई को जासूसी के संदेह में मल्होत्रा को गिरफ्तार किया था और बाद में अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

रिमांड पूरा होने के बाद, पुलिस द्वारा उनसे आगे की पूछताछ करने के बाद अदालत ने हिरासत की अवधि चार दिन और बढ़ा दी। 26 मई को अदालत ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मल्होत्रा को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने दावा किया है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां मल्होत्रा को अपनी संपत्ति के तौर पर विकसित कर रही थीं। पुलिस सूत्रों ने पहले कहा था कि वह नवंबर 2023 से पाकिस्तानी उच्चायोग के कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में थी।

बीएसएफ जवानों के लिए गंदी बोगी के मामले में चार अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीएसएफ जवानों के लिए पुरानी ट्रेन उपलब्ध कराने पर रेल मंत्री ने कड़ा संज्ञान लिया है। इस मामले में अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित किए गए हैं और जवानों के लिए अगल ट्रेन की व्यवस्था की गई है। इस मामले को लेकर एबीपी न्यूज के सवाल पर पहले ही रेल मंत्री ने जवाब दिया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बीएसएफ जवानों को सेवा में लगाए जाने हेतु अनुपयुक्त/पुरानी ट्रेन उपलब्ध कराए जाने की घटना को गंभीरता से लिया है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारियों को आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित अधिकारियों में अलीपुर कोचिंग डिपो के कोचिंग डिपो अधिकारी और अलीपुरद्वार मंडल के तीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता शामिल हैं। रेल मंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि सुरक्षा बलों की गरिमा और सुविधा सर्वोपरि है, इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दिग्विजय के भाई लक्ष्मण 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए छह साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया।

प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से कांग्रेस से निकाल दिया गया है। कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह को उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तत्काल प्रभाव से छह साल की अवधि के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

हालाँकि, पार्टी ने अपने आधिकारिक बयान में उन पार्टी विरोधी गतिविधियों के बारे में स्पष्ट नहीं किया जिनके लिए लक्ष्मण सिंह को निष्कासित किया गया। यह घटनाक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की अनुशासन समिति द्वारा पूर्व विधायक और पांच बार सांसद रह चुके सिंह को पार्टी से निष्कासित करने की सिफारिश के बाद सामने आया है। समिति ने कहा कि नेतृत्व के खिलाफ उनके बार-बार सार्वजनिक बयानों से पार्टी की छवि खराब हुई है।

स्पेशल खबर *भारत में मतदाता सूचियां तैयार करना सबसे*

कठोर, पारदर्शी प्रक्रियाओं में से एक : ज्ञानेश

नई दिल्ली / स्टॉकहोम (एजेंसी)।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत में मतदाता सूची तैयार करने के काम को दुनिया की सबसे कड़ी और पारदर्शी प्रकियों में एक बताते हुए कहा है कि इसके लिए आयोग की ओर से परिचालित मजबूत तंत्र देश में चुनावों की विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्री कुमार स्वीडन में ईमानदारी के साथ चुनाव विषय पर स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। उन्होंने यह बात ऐसे समय की है जबकि कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल की गयी मतदाता सूचियों को लेकर कुछ प्रश्न पुन- उठाए हैं और आयोग ने उनको खारिज किया है। श्री कुमार ने अपने संबोधन में भारत में वर्ष 1960 से लेकर आज तक प्रत्येक वर्ष पुनरीक्षण के दौरान और चुनावों से पहले भी सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ भारत की निर्वाचक नामावली सांविधिक तरीके से साझा करने की व्यवस्था का उल्लेख किया। आयोग की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वहां अपने संबोधन में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस प्रक्रिया में जिसमें दावों, आपत्तियों और अपीलों का प्रावधान किया गया है और जो विश्व की कठोरतम और पारदर्शी कार्यकलापों में से एक है, जिससे चुनावी प्रक्रिया की सटीकता और सत्यनिष्ठा की पुन:पुष्टि होती है। उन्होंने कहा कि यह मजबूत तंत्र साल-दर-साल देश भर में चुनावी विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। श्री कुमार ने इस सम्मेलन में 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागियों के समक्ष भारत की चुनावी सत्यनिष्ठा, इसके व्यापक स्तर और विविधता पर प्रमुखता से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ चुनाव कराना राष्ट्रीय संकल्प का प्रमाण है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने विश्व भर के देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की भूमिका को भी रेखांकित किया।